Jagran

20 Former soldiers recruited in police

जासं, रेवाड़ी: प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस विभाग में पूर्व में भर्ती किए गए तीन हजार पूर्व सैनिकों के अतिरिक्त 909 और जवानों की और भर्ती की जाएगी। आगामी 20 सितंबर को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में अनुबंध के आधार पर भर्ती की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक संगीता कालिया ने बताया कि सरकार प्रदेश भर में 909 और पूर्व सैनिकों को एक वर्ष के अनुबंध पर विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में भर्ती कर रही है। रेवाड़ी जिले में 40 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विशेष पुलिस अधिकारियों को 14 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा।

उन्होंने बताया भर्ती होने के इच्छुक पूर्व सैनिक 20 सितंबर को सुबह 7 बजे दिल्ली रोड पर स्थित पुलिस लाइन में पहुंच कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया में वही पूर्व सैनिक शामिल हो सकते हैं, जिनकी आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष के बीच की हो तथा सेना में सेवा कम से कम पांच वर्ष की होनी चाहिए। भर्ती के समय इन विशेष अधिकारियों की कोई लिखित परीक्षा या शारीरिक मापतोल का आयोजन नहीं होगा।

पात्र उम्मीदवार अपने साथ मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छाया प्रति, जन्म तिथि योग्यता, अनुभव, सैन्य अधिकारी द्वारा जारी सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र, 4 पासपोर्ट साइज फोटो व चरित्र प्रमाण पत्र साथ लेकर आए। भर्ती के बाद चयनित पूर्व सैनिकों का 15 दिन के लिए कैप्सूल कोर्स कराया जाएगा, जिसमें पुलिस विभाग की महता के बारे में जानकारी दी जाएगी।